# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)



## "पक्के मकान के सपने को सरकार ने किया साकार"

लाभुक का नामः- **नारायण चंद्र लायक**
उम्रः- **41 वर्ष**
लाभुक संख्याः- **208017920311900306**

मोबाइल नंबरः- **9631074840**
पेशाः- **पुजारी**

मासिक आयः- **2500/-**
राज्य का नामः- **झारखण्ड**

इस दुनिया में सभी प्रकार के लोग रहते हैं। कुछ सौभाग्यशाली हैं जिनके पास सुविधाएं हैं जबकि कुछ के पास नहीं हैं। भारत जैसे देश में, जहां बहुसंख्यक आबादी गरीबी रेखा से नीचे रहती है वहां अपना एक पक्का मकान होना आज भी कितने लोगों का सिर्फ सपना है। ऐसे में सरकार लोगों के इस सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसी स्कीम है जो की लोगों की भलाई करने में काफी सफल साबित हो रही है जिसका उद्देश्य लोगों को शहरी इलाकों में सस्ते घर उपलब्ध करवाना है. इसके तहत पहली बार घर खरीदने वालों को CLSS या क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी दी जाती है।

जिन खुशनसीब लोगों का सपना सरकार ने पूरा करके दिखाया है उनमें जामताड़ा के निवासी नारायण चंद्र लायक भी शामिल है और वह बताते हैं की उन्हें सरकार की इस योजना के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। नगर पंचायत के कर्मी और जनप्रतिनिधि के द्वारा उन्हें यह जानकारी दी गई थी की अगर वह एक पक्का मकान बनवाना चाहते हैं तो वह इस योजना का लाभ अवश्य उठा सकते हैं। पहले वह एक कच्चे मकान में रहते थे जहां उन्हें काफी कठिनाइयां होती थी। बरसात के दिनों में सो भी नहीं सकते थे और ठंड भी काफी लगती थी। नगर पंचायत के कर्मी और जनप्रतिनिधि की मदद से उन्होंने आवेदन भरा और उनका घर भी बनना शुरू हो गया। घर के सभी सदस्य बड़े उत्साह से घर बनाने में जुट गए हैं और अब उनका अपना एक पक्का मकान है जिसमें रसोई, शौचालय तथा पानी और बिजली की भी सुविधा है।

पहले पीएमएवाई का लाभ सिर्फ गरीब वर्ग के लिए था. अब होम लोन की रकम बढ़ाकर शहरी इलाकों के गरीब और मध्यम वर्ग को भी पीएमएवाई के दायरे में लाया गया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA